# RAJBALA DIVYANG SEVA SAMITI

**(REGD.UNDER SOCIETIES REGISTRATION ACT, 1860, REGISTRAION NO-1131 DATED-16.03.2017)**

**&**

**(REGD. UNDER PWD ACT, 2006, REGISTRATION NO-4800 DATED 14.06.2018)**

REGD OFFICE: VILLAGE MUBARIKPUR, POST MANPUR, DISTT. MEERUT (UP)-250406

ANNUAL REPORT

FOR FY 2022-23, 2023-24

*Email ID: nagar.satendrakumar1986@gmail.com*

*Contact no: 7503550586, 7017625155*



प्रिय मित्रों,

मुझेआप सभी को यह बताते हुए गर्व का अनुभव होता है, कि जो विकास और उपलब्धियां राजबाला दिव्यांग सेवा समिति मेरठ उ. प्र. प्राप्त कर रहा है वह अपने आप में सराहनीय है। संस्था द्वारा उन क्षेत्रों में काम करना जो समाज के कल्याण के लिए सबसे गहरी चिंता का विषय हैं। कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रभावी, व्यावहारिक और टिकाऊ योजनाएं, जैसे सभी के लिए शिक्षा, सभी के लिए स्वास्थ्य देखभाल, सामाजिक और आर्थिक पुनर्वास। जिस पर संस्था के निरंतर प्रयासो से समाज के लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। यह बहुत बड़ी बात है।

मुझे गर्व और आत्मसंतुष्टि का अनुभव होता है जब संस्थान बिना किसी भेदभाव के उन छात्रों को अध्ययन करने का अवसर प्रदान करता है , जिनके लिए यह एक स्वपन मात्र था , उन छात्रों के लिए गुणवत्ता और उत्कृष्टता के साथ बुनियादी शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक दिव्यांगजनो को पहुंचाने में निरन्तर प्रयासरत है,

दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष शिक्षा के अलावा उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे वह स्वतंत्र रूप से अपनी आजीविका के अवसर खोज सकते हैं।

इन्हीं शब्दों के साथ में संस्थान के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

धन्यवाद

Satendra

सतेन्द्र कुमार नागर
अध्यक्ष
राजबाला दिव्यांग सेवा समिति मेरठ उ.प्र.

## संस्था के विषय में जानकारी

राजबाला दिव्यांग सेवा समिति मेरठ उ. प्र. एक गैर सरकारी संस्था है। जो सोसाइटी एक्ट अधिनियम 1860 के अन्तर्गत पंजीकृत है। जिसकी पंजीकृत सं .1131 जो दिनांक16-03-15 से 2022-03-2027 तक मान्य है।

दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिनियम 2016 के अन्तर्गत दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश में पंजीकृत है, जिसकी पंजीकृत सं. 4800 जो दिनांक 29-09-2023 से -06-12 2028 तक मान्य है।

राजबाला दिव्यांग सेवा समिति मेरठ उ. प्र., नीति आयोग मे अन्तर्गत पंजीकृत है, जिसकी पंजीकृत संख्या UP/2021/0281814 है।
भारतीय पुनर्वास परिषद(RCI) एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली से मानसिक मंदिता एवं मूकबधिरता के लिए डिप्लोमा इन स्पेशल एजुकेशन के लिए मान्यता प्राप्त।

### प्रशासनिक प्रबंधन

संस्था का संचालन और प्रबंधन अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष द्वारा किया जाता है जिसमें नौ सदस्य होते हैं। वही अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष सर्वोच्च निकाय के पदाधिकारी मनोनित किये गए हैं।
संस्था संरक्षण मे संचालित ईकाइयो की देखभाल के लिए सलाहकार और विषय विशेषज्ञ की नियुक्ति का भी प्रावधान है ।

## संस्था का उद्देश्य

संस्था द्वारा “**आत्मनिर्भर दिव्यांगजन**” की मुहिम चलाई जा रही है।
संस्था का उद्देश्य दिव्यांग जनो /जरुरतमंद/ किसान/ महिलाओ के पुनर्वासन के लिए कार्य करना है, जिसमे दिव्यांग जन को प्राथमिकता पर रखा गया है, जिसमे मानसिक मंदित, मूकबधिर, दृष्टिबाधित, अस्थिबाधित इत्यादि की शिक्षा, चिकित्सा, व्यवसाय तथा सामाजिकरण पर विषेश ध्यान दिया गया है।

# संस्था द्वारा संचालित कार्य

## राजबाला दिव्यांग समेकित विद्यालय

राजबाला दिव्यांग सेवा समिति मेरठ उ. प्र. द्वारा संचालित राजबाला दिव्यांग समेकित विद्यालय सभी प्रकार कि दिव्यांगता के लिए कार्यरत है, परन्तु वर्तमान मे मानसिक मंदित दिव्यांगता के बढते स्तर को ध्यान मे रखता हुए, मानसिक मंदित दिव्यांगता के पुनर्वास को प्रार्थमिकता पर रखा गया है। जिसकी गत 2 वर्षो 2022-2023 की प्रगति रिपोर्ट निम्न प्रकार है-

1. यह प्रशिक्षण केन्द्र 16-12-2015 को प्रारम्भ किया गया था।

2. वर्ष 2022-2023 मे 35 छात्र मानसिक मंदित विद्यालय मे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

3. प्रशिक्षण केन्द्र दिव्यांग जनो के परामर्श केन्द्र के रुप मे भी कार्य करता है।

4. प्रशिक्षण केन्द्र दिव्यांग जनो के सामाजिकरण के रुप मे भी कार्य करता है।

5. प्रशिक्षण केन्द्र पर दिव्यांग जनो के निशुल्क चिकित्सा जाँच, फिजियोथिरेपी ऑक्युपेशनल थीरैपी कराई जाती है।

6. विद्यालय का भवन किराये पर लिया गया है। परिसर क्षैत्रफल 2.5 हेक्टेयर है, जिस पर 14 कमरे बने है।

7. विद्यालय में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था है, सभी कमरो मे पंखो कि व्यवस्था है।

8. विद्यालय में दिव्यांगजनो के लिए अनुकूल शौचालय की व्यवस्था है। भवन की सुरक्षा के लिए 24 घण्टे चोकीदार की व्यवस्था है।

9. बच्चो के बैठने एवं शिक्षण हेतू मेज, कुर्सियो की व्यवस्था है।

10. बच्चो के शिक्षण प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षित अध्यापको की व्यवस्था कि गई है।

11. बच्चो को घरो से लाने ले जाने के लिए ऑटो की व्यवस्था है।

12. योगा, कम्प्यूटर, मनोचिकित्सक, थैरेपिस्ट अंशकालिक प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करना।

13. संस्था द्वारा गत वर्षो मे जिला, प्रदेश, राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न कार्यक्रमो मे प्रतिभाग किया गया है।

**राजबाला टीचर ट्रैनिग कालेज**

भारतीय पुनर्वास परिषद (RCI) एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली से मानसिक मंदिता के लिए डिप्लोमा इन स्पैशल एजुकेशन के लिए 35 सीट की मान्यता है।
भारतीय पुनर्वास परिषद (RCI) एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली से मूकबधिरता के लिए डिप्लोमा इन स्पैशल एजुकेशन के लिए 35 सीट की मान्यता है।

**राजबाला व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र**

यहां पर दिव्यांगजन को आत्मनिर्भर बनाने कि दिशा मे कार्य किये जा रहे है ,राजबाला दिव्यांग सेवा समिति मेरठ उ. प्र. द्वारा संचालित राजबाला व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र  का संचालन किया जा रहा है। यहां पर पंचगव्य उत्पादो का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जहां पर दिव्यांगजनो के लिए निशुल्क प्रशिक्षण कि व्यवस्था है।इस पूनीत कार्य के लिए केन्द्रिय गौ अनुसंधान कैण्ट मेरठ के साथ अनुबन्ध किया गया है, जिस के सहयोग से  ग्रामीण महिलाओ एवं किसानो को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है।

**प्रारम्भिक सलाह् केन्द्र**

दिव्यांग बच्चो के माता पिता का मार्गदर्शन करना, उन्हे मानसिक रुप से यह समझाने का प्रयास करना कि वह इसको अभिषाप न समझे बल्कि उसे वरदान के रुप मे लें।

दिव्यांग बच्चो के माता पिता को मांसिक दिव्यांग बच्चे के साथ किस प्रकार से कार्य करना है, में आवश्यक मार्गदर्शन कर सहयोग करना

**योग कक्षाओ का संचालन**

योग शब्द संस्कृत मूल युज से लिया गया है जिसका अर्थ है जुडना या जोडना। प्रचीन भारतीय ऋषिमुनियो और तत्वेत्ताओ द्वारा प्रतिपादित एक विशिष्ट आध्यात्मिक प्रक्रिया है। योग मन और शरीर के बीच सामंजस्य लाने पर केन्द्रित है। पतंजलि ने चित् कि वृत्तियो के निरोध को योग कहा है। जिसकी उपयोगिता को ध्यान मे रखते हुए बच्चो के लिए नियमित योग कक्षा का संचालन किया जाता है।

**खेल कूद**

बच्चो तथा उनके अविभावको को खेलो के प्रति जागरुक करना तथा खोलो मे प्रतिभाग कराना। संस्था द्वारा IBSA न्यु दिल्ली मे दृष्टिबाधित बच्चो को प्रतिभाग कराना

मूकबधिर बच्चो को SOUTH ASIAN FEDRATION OF ALL SPORTS के माध्यम से जिला, राज्य, राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय खेल आयोजनो मे प्रतिभाग कराना।

मानसिक मंदित बच्चो को स्पेशल ऑलम्पिक के लिए तैयार कराना।

**संस्था के आय के स्रोत**

संस्था के वित्तीय कार्यो के लिए संस्था के पदाधिकारियो, सदस्यो तथा दानदाताओ के सहयोग पर निर्भर है, संस्था को कोई सरकारी वित्तीय सहायता प्राप्त नही है।

**संस्था की आगामी योजना**

1. संस्था आत्मनिर्भर दिव्यांगजन मुहिम को और मजबूती के साथ चलाना चाहती है। जहां दिव्यांगजनो की हर प्रकार से मदद की जा सके। मानसिक दिव्यांगता के बढते स्तर को देखते हुए और बहुत से संसाधनो की आवश्यकता है।
2. सभी प्रकार की दिव्यांगता के लिए 12वी कक्षा तक स्कूल की स्थापना करना।
3. व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र का विस्तार अन्य जनपदो मे कराना।
4. संस्था द्वारा कम्प्युटर लाइब्रेरी का संचालन कराना ।
5. दृष्टिबाधित छात्रो के लिए डिजिटल लाइब्रेरी का संचालन कराना।

**सामाजिक एवं मेडिकल केयर कार्यः**

दिव्यांगजनो के लिए समय-समय पर स्वास्थय चिकित्सा जॉच कराना।

राज्य व केन्द्र सरकार की योजनाओ का प्रचार प्रसार कर दिव्यांगजनो को लाभान्वित कराना, सरकार की निरामया मेडिकल केयर योजना का अधिक प्रचार प्रसार करना।

## संस्था के अन्तर्गत वर्ष 2022–23 में संचालित गतिविधियां

- बाल दिवस के उपलक्ष में अध्ययनरत मूकबधिर व दृष्टिबाधित बच्चो को ट्रेकसुट वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री सुर्यकान्त गिरि, नगर शिक्षा अधिकारी मेंरठ, श्री अजय निर्वाल, वित्तसहायक लेखा अधिकारी, डॉ समोद अधाना, एम डी ज्ञानवती नर्सिंग होम, श्री शिवकेश तिवारी, श्री सतेन्द्र नागर उपस्थित रहे।

- मेरठ जनपद के सभी 12 ब्लॉको मे उपकरण चिह्नांकन तथा यू.डी.आई.डी पंजीकरण शिविरो का आयोजन कराया गया, जिस अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकण अधिकारी मेंरठ, बी0डी0ओ0 ब्लॉक, व जिला अस्पताल प्यारे लाल शर्मा से डॉक्टरो की टीम उपस्थित रही।
- लुइस ब्रेल के जन्म दिवस पर सम्मान फाउण्डेशन दवारा आयोजित"उजाले बाट लो", कार्य क्रम में सतेन्द्र कुमार नागर, को चौ0 चरण सिंह विश्वविदयालय के कुलपति प्रो0 एनके तनेजा तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तिकण अधिकारी मेंरठ, दवारा दृष्टिबाधितो के लिए उत्कृष्ट कार्यो, प्रशिक्षित एवं पुर्नवास के लिए **लुइस ब्रेलअवार्ड** से सम्मानित किया गया।
- दिव्यांग जन कल्याण समिति लखनऊ दवारा आयोजित कार्यक्रम मे संस्था के अध्यक्ष विष्णुकान्त मिश्रा, जिला अध्यक्ष परवेज अली व अन्य पदाधिकारियो से दिव्यांग रत्न अवार्ड व प्रशस्ति पत्र संस्था अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार नागर ने प्राप्त किया ।

- गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण के उपरान्त रैली निकाली गई।

- लोहड़ी के अवसर पर विशाल लायंस क्लब मेंरठ से आये सदस्यों श्री तरुण मेहरा, संस्था अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार नागर, श्रीमती सविता चढ्ढा प्रधानाचार्य दिल्ली पब्लिक स्कूल मेरठ, द्वारा बच्चों छात्रों को मध्याह्न भोज कराया गया।

- रविदास जयन्ती के अवसर पर रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।
- बच्चो के साथ होली मिलन कार्य क्रम का आयोजन कर बच्चो को रंग, गुलाल व मिष्ठान का वितरण किया गया इस अवसर पर सतेन्द्र कुमार नागर, श्री रविमोहन, श्रीमति कादम्बी व अन्य साथी मौजूद रहे।
- कन्या डिग्री कालेज बागपत मे आयोजित दिव्यांगता जागरुकता कार्यक्रम में संस्था ने प्रतिभाग कर दिव्यांगो के लिए प्रशिक्षण सहयोगी उपकरणो से अवगत कराया।

- डैजी फोरम ऑफ इण्डिया की वार्षिक कार्यशाला मे राजबाला दिव्यांग सेवा समिति मेरठ ने प्रतिभाग किया।

- 15 अगस्त को स्वतत्रंता दिवस के रुप में मनाया गया।

- वृक्षारोपण दिवस पर राजकीय दृष्टिबाधित उच्च शिक्षा के परिसर मे वृक्षारोपण किया गया इस अवसर पर श्री अनिल त्यागी जिला दिव्यांगजन सशक्तिकण अधिकारी मेंरठ, विरेन्द्र कंछल. महेश काण्डवाल उपनिदेशक पिछडा विभाग, रविन्द्र भडाना, सतेन्द्र कुमार नागर, आदि मौजूद रहे।
- बच्चो के लिए एस. के. जैन, राजीव गोयल के परिवार जनो के सहयोग से टी शर्ट का वितरण किया गया।

- IBSA दवारा अयोजित नैशनल एथिलिट चैम्पियनशिप के अवसर पर राजबाला दिव्यागं सेवा समिति, द्वारा दिव्यांग बच्चो को प्रतिभाग कराया गया।
- विश्व दिवयांग दिवस का आयोजन कराया गया।
- संस्था द्वारा जागृति नशा मुक्ति केन्द्र 181 अग्रवाल काम्पलेक्स दिल्ली रोड़ मेरठ, के प्रशासनिक अधिकारियो के साथ बैठक कर, वहाँ रह रहे लाभार्थियो के विषय मे जानकारी एकत्र करने के उपरान्त लाभार्थियो के साथ संवाद स्थापित कर उन्हे पुनर्वास कराने के लिए योगासाधना के विषय कर चर्चा की।

- ब्रेल लिपि के जन्मदाता लुई ब्रैल जी के जन्म दिवस पर माँ सरस्वती व लुई ब्रेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर ब्रेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।
- ग्राम बहादुरपुर, दुर्वेशपुर ब्लॉक सरुरपुर, ग्राम मोहम्दपुरघुमी, ग्राम जानी खुर्द, ग्राम नगला जमालपुर, ग्राम पेपला ईदरीशपुर ब्लॉक जानी, ग्राम दरियापुर ब्लाक मवाना मेरठ, में स्कूल छोड चुकी लडकियो, गरीब महिलाओ, दिव्यांगो को स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करने व प्रशिक्षणोपरान्त स्वरोजगार स्थापित करने के लिए संस्था द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।
- राजबाला दिव्यांग सेवा समिति मेरठ के सभागर मे आयोजित विश्व जलसंरक्षरण दिवस के उपलक्ष्य मे कार्यशाला का आयोन कराया गया, जिस मे जलसंरक्षण पर कार्य करने वाली विभिन्न सामाजिक संस्थाओ, सामाजिक कार्यकर्ताओ द्वारा जलसंरक्षण पर अपने विचार व्यक्त कर सभी का मार्गदशर्न किया गया ।

- 2 अक्टूबर के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती के अवसर पर दोनो महान आत्माओ को नमन कर उनकी प्रतिमाओ पर माल्यार्पण किया गया।
- अन्तर्राष्ट्रीय योग गुरु पूजनीय श्री कर्मवीर जी के सानिध्य में राजबाला दिव्यांग सेवा समिति के तत्वाधान में भव्य दिव्यांग योग शिविर का आयोजन पुलिस लाइन मेरठ में हुआ, जिसमें डॉ पंकज योगी जी द्वारा दिव्यांजनो को योग अभ्यास कराया गया, साध्वी सुश्री लोकेशा भारती संचालिका दिव्य जयोति जागृति संस्थान मेरठ शाखा जी ने आन्तरिक योग से सबका परिचय कराया, जिसमे लगभग 200 दिव्यांगों ने प्रतिभाग किया, साथ ही सभी दिव्यांग जनो को प्रतिभाग प्रमाण पत्र प्रदान किराये गए, इस अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकण अधिकारी मेंरठ, डॉ राजकुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी मेरठ, ड़ॉ एंकी रेडी जे. (न्यूट्रीमा हास्पिटल मेरठ) आशीष नागर (आर के बिल्डर्स), डॉ सबोध अधाना एम. डी. ज्ञानवती नर्सिग होम मेरठ, रविन्द्र नागर, राजेंद्र नागर, शिवकेश तिवारी, सतेन्द्र नागर आदि मौजूद रहे।
- राजबाला दिव्यांग सेवा समिति मेरठ द्वारा श्रावण माह मे शिव भक्तो के लिए शिविर का आयोजन किया गया।
- श्री सतेन्द्र नागऱ जी को श्री महावीर दिगम्बर जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय जयपुर में राष्ट्रीय स्तर आयोजित पर कार्यक्रम मे दिव्यंगता के क्षेत्र मे किये गये कार्यो के लिए, श्री विरेंद्र सिंह (निदेशक दिव्यांग निसक्तजन राजस्थान) श्री कालीचरण (पूर्व शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार) ,उत्तम चाँद जैन (अध्यक्ष उम्मीद हेल्प लाइन फाउंडेशन) आदि द्वारा "दिव्यांग रत्न" राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया

- मुस्कान चेरिटेबल ट्रस्ट, सक्षम ट्रस्ट एवं श्री मांता वैष्णो देवी शाइन बोर्ड कटरा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित ८ वा दिव्यांग टैलेंट शो हम किसी से कम नहीं में राजबाला दिव्यांग सेवा समिति मेरठ दवारा 6 दिव्यांग प्रतिभागियों को प्रतिभाग कराया गया।,

# संस्था के अन्तर्गत संचालित गतिविधियो के छाया चित्रः-

बाल दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम के छाया चित्र














मेरठ जनपद के सभी 12 ब्लाको मे उपकरण चिह्नांकन तथा यू.डी.आई.डी पंजीकृत शिविरो के छाया चित्र














1. सतेन्द्र कुमार नागर, को चौ0 चरण सिंह विश्वविदयालय के कुलपति प्रो0 एनके तनेजा तथा दिव्यांग जन कल्याण समिति लखनऊ दवारा द्वारा सम्मानित किया गया।
2. गणतंत्र दिवस पर जागरुकता रैली का आयोजन कराते हुए।
3. रविदास जयन्ती के अवसर पर रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए सतेन्द्र कुमार नागर।














- बच्चो के साथ होली मिलन कार्य क्रम का आयोजन कर बच्चो को रंग, गुलाल व मिष्ठान का वितरण किया गया।
- कन्या डिग्री कालेज बागपत दिव्यांगता जागरुकता कार्यक्रम में संस्था ने प्रतिभाग कर दिव्यांगो का मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण सहयोगी उपकरणो से अवगत कराया गया।
- डैजी फोरम ऑफ इण्डिया की वार्षिक कार्यशाला मे राजबाला दिव्यांग सेवा समिति मेरठ ने प्रतिभाग किया।














1. 15 अगस्त को स्वतत्रंता दिवस के अवसर पर जागरुकता रैली का आयोजन कराया गया।
2. पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण किया गया।
3. बच्चो को कपडो का वितरण किया गया
4. गाँधी जयन्ती के आयोजन पर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।















1. लुइस ब्रेल के जन्म दिवस पर ब्रेल प्रतियोगिता का आयोजन ।

2.IBSA दवारा अयोजित नैशनल एथिलिट चैम्पियन शीप के अवसर पर राजबाला दिव्यागं सेवा समिति, दिव्यांगो द्वारा दिव्यांग बच्चो को प्रतिभाग कराया गया, जिसकी कुछ स्मृति चित्र निम्न प्रकार से है।










1. विश्व दिव्यांग दिवस का आयोजन कराया गया।
2. संस्था द्वारा जागृति नशा मुक्ति केन्द्र लाभार्थियो के साथ संवाद स्थापित कर उनसे पुनर्वास एवं योगासाधना के विषय कर चर्चा की।
3. स्कूल छोड चुकी लडकियो, गरीब महिलाओ, दिव्यांगो को स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करने व प्रशिक्षणोपरान्त स्वरोजगार स्थापित करने के लिए संस्था द्वारा गाँव-गाँव चलाया गया विशेष अभियान के छाया चित्र।









1. ग्राम बहादुरपुर, दुर्वेशपुर ब्लाक सरुरपुर, ग्राम मोहम्दपुरघुमी, ग्राम जानी खुर्द, ग्राम नगला जमालपुर, ग्राम पेपला ईदरीशपुर ब्लाक जानी, ग्राम दरियापुर ब्लाक मवाना मेरठ, में स्कूल छोड चुकी लडकियो, गरीब महिलाओ, दिव्यांगो को स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करने व प्रशिक्षणोपरान्त स्वरोजगार स्थापित करने के लिए संस्था द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।

2. राजबाला दिव्यांग सेवा समिति मेरठ के सभागर मे आयोजित विश्व जलसंरक्षरण दिवस के उपलक्ष्य मे कार्यशाला का आयोन कराया गया












1. अंतरराष्ट्रीय योग गुरु पूजनीय श्री कर्मवीर जी के सानिध्य में राजबाला दिव्यांग सेवा समिति के तत्वाधान में भव्य दिव्यांग योग शिविर का आयोजन पुलिस लाइन मेरठ में कराया गया।

2. राजबाला दिव्यांग सेवा समिति मेरठ द्वारा श्रावण माह मे शिव भक्तो के लिए शिविर का आयोजन किया गया।















1. मुस्कान चेरिटेबल ट्रस्ट, सक्षम एवं श्री मांता वैष्णो देवी शाइन बोर्ड कटरा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित ८ वा दिव्यांग टैलेंट शो हम किसी से कम नहीं  में राजबाला दिव्यांग सेवा समिति मेरठ दवारा 6 दिव्यांग प्रतिभागियों को प्रतिभाग कराया गया।
2. राजबाला दिव्यांग टीचर ट्रैनिग कालेज
3. राजबाला व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र




1. राजबाला व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र पर बने पंचगव्य उतपादो के लिए संस्था को राष्ट्रीय मंचो से सम्मानित किया गया।
2. अन्तराष्ट्रीय स्तर पर मैडल प्राप्त करने परक दिव्यांगजनो को सम्मानित किया गया।
3. वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया।